Regarding inclusion of employment centric curriculum in GK CIET and UG/ITI level courses-laid

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी का ध्यान G.K.CIET कॉलेज के कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं जो भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित की गई है और मेरे निर्वाचन क्षेत्र मालदा उत्तर में स्थापित है। 1. G.K. वहां के स्थानीय स्कूल छूट (School Dropout), बेरोजगार युवक- युवती और ग्रामीण महिलाओं को Skill Development और Technical शिक्षा देकर रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था लेकिन वह कॉलेज आज एक साधारण इंजीनियरिंग कॉलेज बनकर रह गया है। इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। 2. स्नातक और ITI स्तर के कुछ पाठ्यक्रम जिसमें रोजगार की अनेक संभावनाएं है उन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की जरुरत है जैसे Agriculture Engineering, Automobile Engineering, Interior Design, Computer Hardware & Networking, Diesel Mechanic, Air Condition and Refrigerator Repairing, Sericulture & Waiving Technology, Repair & Maintenance of Electrical & Electronic Gadgets इत्यादि। मेरे निर्वाचन क्षेत्र मालदा उत्तर में 50 प्रतिशत आबादी संख्या लघु और 30 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति और जनजाति से हैं और यह क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक और रोजगार के दृष्टि से अति पिछड़े हुए क्षेत्र में से एक है।